सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 02.09.2023

अवैध मादक पदार्थ तस्करी पर नियंत्रण करते हुए इटावा पुलिस द्वारा 01 गांजा तस्कर को अवैध गांजा एवं चोरी के मोबाइल सहित किया गया गिरफ्तार ।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निदेशन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना इकदिल पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही ।

गिरफ्तारी/बरामदगी का संक्षिप्त विवरण-

अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं अवैध मादक पदार्थो की तस्करी पर नियंत्रण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम मे दिनांक 01.09.2023 की रात्रि को थाना इकदिल पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी । इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर 01 अभियुक्त को अवैध गांजा व चोरी के मोबाइल सहित छोटी फुफई ओवर ब्रिज के नीचे से समय 23.50 बजे गिरफ्तार किया गया ।

पुलिस पूछताछः- गिरफ्तार अभियुक्त की पुलिस टीम द्वारा तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से कुल 7.120 किलोग्राम अवैध गांजा व 01 मोबाइल बरामद किया गया । पुलिस टीम द्वारा गांजा रखने एवं बेचने का लाइसेंस मांगा गया तो दिखाने में असमर्थ रहा तथा बरामद मोबाइल जनपद औरैया से चोरी होना बताया गया जिसके संबंध में जनपद औरैया के थाना फफूंद पर मु0अ0सं0 305/2023 धारा 379 भादवि पंजीकृत है ।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना इकदिल पर मु0अ0सं0 204/2023 धारा 411/413 भादवि व 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है ।

गिरफ्तार अभियुक्त-

शनी वर्मा पुत्र किशन स्वरूप उर्फ फारस निवासी सेंगनपुर कुट्टा मुरादगंज थाना अजीतमल जनपद औरैया उम्र 28 वर्ष ।

बरामदगी-

1. **7.120 किग्रा अवैध गांजा**
2. **01 मोबाइल (जनपद औरैया से चोरी)**

पंजीकृत अभियोग-

मु0अ0सं0 204/2023 धारा 411/413 भादवि व 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना इकदिल जनपद इटावा ।

आपराधिक इतिहास-

1. **मु0अ0स0 113/2017 धारा 392/411 भादवि थाना बकेवर इटावा**
2. **मु0अ0स0 287/2021 धारा 379/411 भादवि थाना अजीतमल औरैया**
3. **मु0अ0सं0 305/2023 धारा 379 भादवि थाना फफूंद जनपद औरैया**

4. मु0अ0स0 204/2023 धारा 411/413 भादवि व 8/20 NDPS ACT थाना इकदिल इटावा

पुलिस टीम- निरी0 श्री दीपक कुमार प्रभारी इकदिल, उ0नि0 कासिफ हनीफ, उ0नि0 नागेन्द्र सिंह, हे0का0 तनवीर हुसैन, का0 अजय सिंह।